an>

Title: Need to take steps to repair the leakage in railway dam in Ambernath city in Kalyan Parliamentary Constituency.

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे (कल्याण) : माननीय अध्यक्ष महोदया, आपका धन्यवाद कि आपने मुझे इस गंभीर विषय पर बोलने का मौका दिया। मेरे यहाँ कल्याण कांस्टीटयुएंसी में अंबरनाथ शहर में एक सौ साल पुराना रेलवे का डैम है जो पहले ग्रेट इंडियन पैनिंसुला रेलवे ने बनाया था। अभी उसका इस्तेमाल आई.आर.सी.टी.सी. द्वारा रेल नीर प्लांट के लिए हो रहा है, लेकिन कल से उस डैम में लीकेज होनी शुरू हुई है। डेढ़ साल पहले भी इसी डैम में लीकेज हुई थी। रेलवे ने कहा था कि मरम्मत हो गई है लेकिन आज भी वही स्थिति बरकरार है। 20 लाख लोगों की जान का यहाँ पर सवाल है। मेरी आपके माध्यम से रेलवे मंत्री से दरख्वास्त है कि यह जो डैम है, जल्द से जल्द इसको रिपेयर किया जाए।

माननीय अध्यक्ष :

श्री अरविंद सावंत,

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे,

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल एवं

श्री राहुल शेवाले को श्री श्रीकांत एकनाथ शिंदे द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।